an>

Title: Need to improve the BSNL telephone and broadband service in Buldhana Parliamentary Constituency, Maharashtra.

श्री प्रतापराव जाधव (बुलढाणा) : सभापति महोदया, मैं सदन का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बुलढाणा, महाराष्ट्र में व्याप्त खराब दूर संचार व्यवस्था के बारे में आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र से संबंधित बीएसएनएल महाप्रबंधक (दूरसंचार) की पोस्ट खाली है जिसे तुरंत भरा जाना आवश्यक है। इस क्षेत्र के कई हजार टेलीफोन एवं ब्राडबैंड कनेक्शन खराब पड़े हैं क्योंकि उनके लिए आवश्यक मैटेरियल यहां पर उपलब्ध नहीं है। दूसरी ओर दूरसंचार के विकास संबंधी सभी कार्य ठप्प पड़े हैं। इन सबका परिणाम यह हो रहा है कि बीएसएनएल टेलीफोन के उपभोक्ता बीएसएनएल के टेलीफोन छोड़कर प्राइवेट टेलीफोन ऑपरेटरों के टेलीफोन एवं ब्राडबैंड सेवा ले रहे हैं। जिले की दूरसंचार कमेटी की बैठक भी कई महीनों से नहीं हो रही है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र बुलढाणा (महाराष्ट्र) की दूरसंचार व्यवस्था को ठीक करने के लिए निर्देश दिए जाएं।